लूट की वारदात के तीन आरोपी गिरफ्तार, हथियार बरामद किये

व्यापारी और उसके पुत्र से रास्ते में चार बदमाशों ने बैग छीनने का किया था प्रयास

- मुकुंदगढ़ पुलिस ने भोड़की रोड पर तीनों बदमाशों को गिरफ्तार किया
- योगेश कुमार के इशारे पर हुई थी घटना

मंडी में व्यापारी से लूट के प्रयास मामले में पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

मुकुंदगढ़, (निसं)। मंडी में व्यापारी से लूट के प्रयास मामले में पुलिस ने 3 बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

झुंझुनूं एसपी मृदुल कच्छावा ने जानकारी देते हुए बताया कि मुकुंदगढ़ मंडी में व्यापारी से 23 अक्टूबर की रात को दुकान से घर जाते वक्त स्कूटी पर सवार व्यापारी और उसके पुत्र से रास्ते में रोककर चार बदमाशों द्वारा बैग छीनने का प्रयास किया गया था। इसी प्रयास के दौरान इन बदमाशों ने व्यापारी के बेटे पर हमला किया था। जिससे उसके सिर में चोट लगी और घायल हो गया था। घटना के बाद चारों बदमाश मौके से फरार हो गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम का गठन किया गया। घटनास्थल के आसपास लगे हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। जिसके आधार पर संदिग्ध लोगों से पूछताछ की गई। मुकुंदगढ़ पुलिस को सूचना मिली कि व्यापारी से लूट की वारदात को योगेश कुमार के इशारे पर अंजाम देने की कोशिश की गई थी।

इस घटना में शामिल तीन बदमाश बाइक से भोड़की रोड की ओर भागे हैं। इस पर मुकुंदगढ़ पुलिस ने भोड़की रोड पर तीनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही मोटरसाइकिल को भी जब्त किया गया। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए तीनों बदमाशों से पूछताछ की। इन तीनों बदमाशों की निशानदेही से पुलिस ने एक पिस्टल व 8 जिंदा कारतूस बरामद किए। पुलिस गिरफ्तार किए गए तीनों बदमाशों से पूछताछ कर रही है। पूछताछ के दौरान इलाके में हुई लूट की अन्य वारदातों का खुलासा होने की संभावना है।

टक्कर से बाइक सवार की मौत

सादुलपुर, (निसं)। हमीरवास थाना पुलिस ने गाँव नेशल जा रहे एक मोटरसाईकिल सवार की अज्ञात वाहन की टकर लगने से मौत हो गई। जिसका हमीरवास थाने में प्रकरण दर्ज करवाया गया है। थानाधिकारी राधेश्याम ने बताया कि रोहताश पुत्र रणजीत सिहं जाति जाट उम्र 45 साल निवासी नेशल छोटी ने इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है कि 14 नवंबर 2०922 को सांय के समय उसका भाई इन्?द्रसिहं पुत्र रणजीत सिंह मोटरसाईकिल पर सवार होकर राजगढ से वापिस अपने घर गाँव नेशल छोटी लौट रहा था। जैसे ही उसका भाई गाँव लीलावठी के नजदीक पहूँचा तो किसी अज्ञात वाहन के चालक ने वाहन को तेज गति व लापरवाही से चलाते हुए मोटरसाईकिल के सामने से टक?कर मारी, जिससे आई गम्?भीर चोटों के कारण इन्द्र सिंह घायल हो गया। दुघर्टना के बाद उसे राज.सामु.स्?वास्?थ्?य केन्?द्र राजगढ पर लेकर गए, जहाँ भर्ती करने के उपरांत डॉक?टर ने इन्?द्रसिहं को मृत घोषित दिया। पुलिस ने आात वाहन चालक के खिलाफ दुघर्टनाकारित करने के आरोप का मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है।

टिकट नहीं देने पर जाट समाज में आक्रोश

11 सदस्यों की कमेटी बनाई

सरदारशहर, (निसं)। आगामी 5 दिसंबर को होने जा रहे उपचुनाव में दावेदारी प्रस्तुत करने के बावजूद प्रमुख राजनीतिक पार्टियों द्वारा समाज के किसी भी व्यक्ति को टिकट नहीं दिये जाने पर बड़ी संख्या में उपस्थित समाज के सभी लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया।

विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक जाटों की जनसंख्या होने के बावजूद जाट समाज के किसी व्यक्ति को प्रत्याशी नहीं बनाए जाने पर समाज ने व्यापक रूप से आक्रोश व्यक्त करते हुए अपनी भावनाएं व्यक्त की। प्रो. डीसी सारण की अध्यक्षता में जाट विकास परिषद के भवन में समाज की आयोजित बैठक में सभी वक्ताओं ने कहा कि इस निर्णय से पूरा समाज आहत है। सरदारशहर विधानसभा क्षेत्र में रतनगढ़ तहसील की 11 पंचायतों के जाट समाज के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। आगामी चुनाव में समाज द्वारा उठाए जाने वाले संभावित कदमों के बारे में 11 सदस्यों की कमेटी बनाई गई है जो 16 नवंबर को सायं 5 बजे तक अपना निर्णय बताएगी। कमेटी में रतनगढ़ तहसील के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया गया है। मीटिंग में वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर व्यापक विचार विमर्श करने के बाद सौहार्दपूर्ण माहौल में मीटिंग का समापन हुआ। उपस्थित समाज के सभी लोगों ने कमेटी पर निर्णय छोड़ते हुए कहा कि कमेटी जो भी निर्णय करेगी ,समाज उसकी अनुपालना करेगा।

गौरव पदयात्रा में सैंकड़ों स्वर्णकार बंधु शामिल होंगे

सरदारशहर, (निसं)। स्वर्णकार गेस्ट हाउस माताजी के मंदिर में स्वर्णकार समाज सरदारशहर की बैठक राखी गई जिसमें स्वर्ण कला बोर्ड संघर्ष समिति के बैनर तले हनुमानगढ़ से जयपुर तक प्रारंभ हो रही गौरव पदयात्रा में कस्बे से सैकड़ो स्वर्णकार बंधुओ के शामिल होने का निर्णय किया गया। स्वर्ण कला बोर्ड बनाओ संघर्ष समिति के प्रभारी सांवरमल रोड, रणजीत जोड़ा,मुकेश भामा और शेखर ढल्ला ने बताया की 20 नवंबर को हनुमानगढ़ से प्रारंभ होने वाली 400 किलोमीटर की पदयात्रा में सरदारशहर के लोग की शामिल होकर जयपुर में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को ज्ञापन देंगे। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित सरदारशहर दौरे के दौरान भी समाज का प्रतिनिधिमंडल इस विषय में उनको ज्ञापन देगा। दिनांक 26 नवंबर को गौरव पैदल यात्रा सरदारशहर पहुंचने पर सरदारशहर स्वर्णकार समाज यात्रा का जोरदार स्वागत करेगा। बैठक में समाज के सरक्षक मोहनलाल ढल्ला, भीकमचंद भामा, रामलाल रोड़ा, राजकुमार जांगलवा, हनुमान रोड़ा, हरीश मोशुन,अमित ढल्ला, रतनलाल डॉवर, संजय भामा ,बनवारी भामा, नोरतन कांटा, ओमप्रकाश कुकरा, आशीष कडेल, राकेश भामा, राकेश रोड़ा , शंकरलाल रोड़ा, महावीर कडेल, हरीश कड़ेल, मनोज भामा, वीरेंद्र कडेल, मुकेश, देवकिशन मोशुन, शिव आर्य सहित समाज गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

जन्मतिथि परिवर्तन

कक्षा छह में अध्ययनरत छात्रा पूजा पुत्री भगवानाराम की ओर से सरकारी दस्तावेजों के अनुसार जन्मतिथि 20 अप्रैल 2013 करने का अनुरोध किया गया है। जबकि स्कूल में प्रवेश के समय भूलवश 22 जून 2012 अंकित करवा दी गई थी।

प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गाजूसर, पंचायत बुकनसर छोटा, (चूरू) राज.

डीपीसी प्रक्रिया शुरू नहीं करने पर रेसला संगठन ने आंदोलन की चेतावनी दी

- वाइस प्रिंसिपल शत प्रतिशत पदोन्नति करने के लिये मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपने जाते रेसला उपशाखा राजगढ (चूरू) संगठन के शिक्षकगण।

सादुलपुर, (निसं)। रेसला उपशाखा राजगढ (चूरू) द्वारा वाईस प्रिंसिपल शत प्रतिशत पदोन्नति करने हेतु मुख्यमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी राजगढ को ज्ञापन सौंपा गया।

रेसला उपशाखा राजगढ के अध्यक्ष महावीर प्रसाद ने बताया कि वित विभाग से स्वीकृत होकर केबिनेट के अनुमोदन के पश्चात 12421 वाईस प्रिंसिपल का कैडर बनाया गया जो कि पदोन्नति से शत प्रतिशत व्याख्याताओं से ही भरा जाना था, लेकिन शिक्षा विभाग के अधिकारी अपना रवैया अपनाकर डीपीसी कराने के बजाय केबिनेट के फैसले पर आमजन से राय माँगने में व्यस्त है, जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। इसलिए 20 नवम्बर तक डीपीसी की प्रक्रिया आरंभ की जावे अन्यथा रेसला संगठन द्वारा पूरे राजस्थान में आदोलन किया जायेगा। इस मौके पर सीताराम सिंघल जिला मंत्री रेसला चूरू, संदीप पूनियां उपाध्यक्ष रेसला चूरू, संदीप पूनियां नवां, राजपाल ओला, राजवीर सुडा, रामानन्द सरावग, सरला पूनियां, सीमा पूनियां, अरूणा वशिष्ठ, ओमप्रकाश मीणा, मनीष सिंघानिया, दिनेश पूनियां ब्लॉक मंत्री, विजय आर्य, ओमप्रकाश श्योराण, ब्रहमानन्द, वीरेन्द्र थालौड, गोपीकृष्ण नेमीवाल, रजनीश धुवां, अजय शर्मा, राजकुमार पूनियां, उम्मेद पूनियां, हनुमान शर्मा, हनुमान गिर, सुभाषचन्द्र कलाल, विजय स्वामी, मनीराम रंगा व राजवीर सुडा आदि उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

चूरू, (कासं)। पंखा सर्किल के पास जिला पर्यावरण सुधार समिति द्वारा संचालित स्वयं सहायता समूह कि तीस महिलाओं को उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत बूंदी बंधेज के प्रशिक्षण कार्यक्रम का राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड के जिलाधिकारी राजेश मीणा ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी मीणा ने कहा कि महिलाएं स्वरोजगार से जुड़कर अपना आर्थिक विकास कर सकती हैं। कार्यक्रम में समिति के सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि महिलाओं को प्रशिक्षण व बैंकों से ऋण प्रदान करवाकर उनका सर्वांगीण विकास करने का प्रयास किया जा रहा है। परियोजना के तहत चूरू शहर की कुल नब्बे महिलाओं को इस प्रकार के प्रशिक्षण दिए जाएंगे। प्रशिक्षण के पश्चात उद्यमिता भ्रमण कच्चे माल की उपलब्धता तैयार माल का विक्रय इस पर भी संस्था इन प्रशिक्षणार्थियों के साथ लंबे समय तक रहेगी कार्यक्रम में नवीना कुमावत वर्षा कंवर योगेश कुमार कुमावत का विशेष सहयोग रहा।

अभ्यर्थियों को आपराधिक रिकॉर्ड प्रकाशित करवाने होंगे

- तीन अवसरों पर अलग-अलग तिथियों को प्रकाशित, प्रसारित करानी होगी सूचना

चूरू, (कासं)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सरदारशहर विधानसभा उप चुनाव के दौरान अभ्यर्थियों को अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में समाचार पत्रों एवं टीवी चैनलों में प्रकाशन एवं प्रसारण करवाना होगा।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी लोकेश गौतम ने बताया कि निर्वाचन विभाग की ओर से इस संबंध में जारी दिशा.निर्देशों में कहा गया है कि अभ्यथी द्वारा फॉर्मेट सी.1 में अपने आपराधिक रिकॉर्ड की सूचना निर्वाचन प्रचार अवधि के दौरान निर्वाचन क्षेत्र में व्यापक रूप से प्रकाशित होने वाले राष्ट्रीय, स्थानीय समाचार पत्रों में न्यूनतम फोंट साइज 12 एवं उन संबंधित क्षेत्रों में उपलब्ध लोकप्रिय राष्ट्रीय, स्थानीय टीवी चैनलों में ;प्रसारण का समय प्रात: 8 बजे से रात्रि 10 बजे के मध्य न्यूनतम 7 सैकंड्स के लिए स्टैंडर्ड फोंट साइज में अभ्यर्थिता वापस लेने की अंतिम तिथि के बाद और मतदान की तिथि से दो दिन पहले के दौरान तीन अवसरों पर अलग.अलग तिथियों को प्रकाशित, प्रसारित करवाई जानी है। अभ्यर्थी द्वारा तत्काल इसकी सूचना रिटर्निंग अधिकारी को दी जाएगी।

प्रथम प्रचार अभ्यर्थिता वापसी के प्रथम चार दिनों के भीतर, दूसरा प्रचार अगले 5 से 8 दिनों के भीतर तथा तीसरा प्रचार 9 वें दिन से प्रचार अभियान के अंतिम दिन तक करवाना होगा ताकि निर्वाचकों को अभ्यर्थियों के बारे में जानने का पर्याप्त समय मिले। राजनैतिक दलों द्वारा फॉर्मेट सी.2 में अपने अभ्यर्थियों के संबंध में सूचना का प्रकाशन, प्रसारण करवाना होगा तथा अपनी वेबसाइट पर इसकी सूचना के प्रदर्शन के साथ.साथ पार्टी के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से भी इसका प्रचार.प्रसार किया जाएगा। गौतम ने बताया कि सभी संबंधित को इसकी जानकारी एवं पालना के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई–निविदा सूचना

संख्या: 01-2022-GSUBKN

मंडल रेल प्रबंधक ,उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दिनांक 06.12.2022 को 15.00 बजे तक खुली ई–निविदा आमंत्रित करते है: **निविदा संख्या : 01-2022-GSUBKN कार्य का नाम व स्थान :** बीकानेर मंडल के सादुलपुर – रतनगढ़ खंड पर असलू, डोकवा एवं जुहारपुरा स्टेशनों पर एक साथ प्राप्ति एवं प्रेषण की सुविधा हेतु अतिरिक्त लूप लाइन की व्यवस्था के संबंध में ट्रैक कार्य। **अनुमानित लागत मूल्य :** Rs. 28873083.55 **धरोहर राशि :** Rs. 294400.00 **निविदा संख्या : 02-2022-GSUBKN कार्य का नाम व स्थान :** बीकानेर संभाग के बीकानेर – रतनगढ़ खंड पर सुदसर, परसनेउ एवं गाढ़वाला स्टेशन पर एक साथ प्राप्ति एवं प्रेषण की सुविधा हेतु अतिरिक्त लूप लाइन की व्यवस्था के संबंध में ट्रैक कार्य। **अनुमानित लागत मूल्य :** Rs. 22346808.14 **धरोहर राशि :** Rs. 261700.00 **निविदा संख्या : 03-2022-GSUBKN कार्य का नाम व स्थान :** बीकानेर मंडल के सादुलपुर – रतनगढ़ खंड पर डोकवा, असलू एवं जुहारपुरा स्टेशनों पर एक साथ प्राप्ति एवं प्रेषण की सुविधा हेतु अतिरिक्त लूप लाइन की व्यवस्था के संबंध में सिविल कार्य। **अनुमानित लागत मूल्य :** Rs. 8411677.78 **धरोहर राशि :** Rs. 168200.00 **निविदा संख्या : 04-2022-GSUBKN कार्य का नाम व स्थान :** प्लेटफार्म, स्टेशन भवन, ड्युटी बंक रिटेनिंग वॉल, सडक और अन्य विविध का निर्माण। बीकानेर संभाग के बीकानेर – रतनगढ़ खंड पर सुदसर, परसनेउ एवं गढ़वाला स्टेशन पर एक साथ प्राप्ति एवं प्रेषण की सुविधा हेतु अतिरिक्त लूप लाइन की व्यवस्था के संबंध में कार्य। **अनुमानित लागत मूल्य :** Rs. 61752162.55 **धरोहर राशि :** Rs. 458800.00 नोट:– अन्य शर्ते रेलवे की वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 946-CQ/22

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

चूरू की सड़कों पर खुले आम बिकता है मांस-मछली

आमजन को पैदल चल पाना दुभर

- चूरू की नगर परिषद व जिला प्रशासन को आमजन की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं

चूरू, (कासं)। जिला मुख्यालय पर शहर में खुले रूप से मांस – मछली की बिक्री होने के कारण मांस विक्रेताओं के आस-पास की दुकानों के कुत्ते पूरी तरह से मांसाहारी बन चुके जिसके कारण आमजन को पैदल चल पाना दूभर हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार सड़को पर बिना किसी इजाजत के खुले रूप से मांस – मछली के टुकडे देखे जा सकते हैं। इसी के साथ खुलेआम मास मछली रखा हो जाने से वाहनों की धूल भी उनपर दिनभर गिरती रहती है। यह नजारा शहर के बीचों बीच मुमताज अस्पताल की सड़क पर आराम से दिनभर देखा जा सकता है। बिना किसी इजाजत के मांस मछली की दुकानें आराम से संचालित हो रही है। लेकिन आश्चर्य तो इस बात का हैं कि चूरू की नगर परिषद व जिला प्रशासन हाथ पर हाथ रखकर बैठे हैं। जनता की समस्याओं से उनको कोई सरोकार नहीं है। इसी प्रकार से आवारा सांडों की समस्या से भी आमजन परेशान है। सब्जी मंडी में आये दिन सांडों के भय से भयभीत होकर सब्जी खरीदनी पड़ती है। कहीं कोई चोट ना लग जाये। यह भय सब्जी खरीददारों को सताता रहता है।

इस संबंध में लोगों ने बताया कि आश्चर्य तो इस बात का हैं कि अधिकारी कभी ग्राउण्ड स्तर पर इस बात को ही नहीं आंकते की आखिर शहर के लोग किन समस्याओं को लेकर परेशान हैं और अपने बंद वातानुकुलित कमरे में बैठकर ही व्यवस्थाओं को सुधारने की हुंकार भरते रहते हैं। लोगों ने बताया कि नगर परिषद के अधिकारियों को जमीनी स्तर पर इस बात का ध्यान देना चाहिए।

जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 21को

झुंझुनूं, (निसं)। स्थानीय गणपति नगर स्थित न्यू राजस्थान बालिका पीजी महाविद्यालय में स्व. नौरंगराम ढूकिया की 20वीं पुण्यतिथि पर 21 नवंबर सोमवार को जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। संस्था सचिव इंजी. पीयूष ढूकिया ने बताया कि प्रतियोगिता में जिलेभर की राजकीय व निजी माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों के दो-दो प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में पंजीयन के लिए विद्यालय से अध्ययनरत प्रमाण या विद्यालय आईडी साथ लानी होगी। इंजी. ढूकिया ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम विजेता 5100 रुपए, द्वितीय 3100 रुपए, तृतीय 2100 रुपए व चतुर्थ स्थान प्राप्त विद्यार्थी को 1100 रुपए की नगद राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। जिला मुख्यालय के बाहर से भाग लेने वाले प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को आने जाने का किराया भुगतान किया जाएगा। जिला मुख्यालय प्रतिभागियों के लिए मंडावा मोड़ से महाविद्यालय तक संस्था की तरफ से वाहन सुविधा उपलब्ध रहेगी।

झुंझुनूं को मिली तीन राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी

प्रदेश के खेल इतिहास में संभवतः ऐसा पहली बार हो रहा है

- 33 जिलों से झुंझुनूं आएंगे 17 व 19 वर्ष छात्र-छात्रा वर्ग के तीन हजार खिलाड़ी व खेल अधिकारी
- समसपुर रोड स्थित विज्डम सिटी झुंझुनूं एकेडमी स्थित जीवेम स्पोर्टस स्कूल में 20 से 24 नवंबर तक होंगी प्रतिस्पर्धाएं, जोर शोर से चल रही है तैयारियां

झुंझुनूं, (निसं)। प्रदेश के खेल इतिहास में संभवत: ऐसा पहली बार हो रहा है कि वीर प्रसूता झुंझुनूं की धरा पर राज्य स्तर की तीन प्रतियोगिताओं के आयोजन की मेजबानी मिली है।

इसके तहत 20 से 24 नवंबर तक समसपुर रोड स्थित विज्डम सिटी झुंझुनूं एकेडमी स्थित की जीवेम स्पोर्टस एकेडमी में बैडमिंटन, लॉन टेनिस व टेबल टेनिस की 66वीं राज्य स्तरीय प्रतिस्पर्धाएं होंगी। इन प्रतियोगिताओं में 17 व 19 वर्ष आयु वर्ग में छात्र एवं छात्राओं की प्रदेश भर से 33-33 टीमें भाग लेंगी। यानी करीब तीन हजार से अधिक खिलाडी, कोच, दल प्रभारी, टीम मैनेजर, रेफरी, खेल अधिकारी एवं अभिभावक इसमें भागीदारी निभाएंगे। जीवेम स्पोर्टस स्कूल के संस्थापक डॉ. दिलीप मोदी ने बताया कि यह जिले का सौभाग्य है कि खेलों की इन राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी का अवसर हमें मिला है। खेलों को लेकर झुंझुनूं में जिस तरह की आधुनिक, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं जुटाई जा रही है, यह उसी का नतीजा है। स्कूल के निदेशक आकाश मोदी और मैनेजर अरविंद गुंसारिया ने बताया कि 20 नवंबर को विज्डम सिटी के मैदान पर बनाए गए विभिन्न कोर्ट में इन प्रतियोगिताओं का उद्घाटन होगा।

इसके आयोजक माध्यमिक शिक्षा निदेशालय बीकानेर और जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय झुंझुनूं हैं तथा संयोजक का दायित्व जीवेम स्पोर्टस स्कूल को सौंपा गया है। जो महत्ती जिम्मेदारी है। मोदी ने बताया कि झुंझुनूं में इस तरह के प्रदेश स्तरीय आयोजन से न केवल झुंझुनूं का महत्व बढा है। बल्कि यहां के खिलाड़ियों के मन में भी उत्साह और उमंग का माहौल है। झुंझुनूं एकेडमी के प्राचार्य डॉ. रविशंकर शर्मा ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं के लिए खिलाडियों का आगमन 19 नवंबर से ही शुरू हो जाएगा। खिलाडियों, उनके साथ आने वाले टीम मैनेजर व अन्य लोगों के आवास, भोजन व शहर में यातायात की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। होस्टल निदेशक कुरडाराम धींवा और यातायात प्रभारी राजेंद्र पूनियां ने बताया कि जिला प्रशासन के साथ बैठकें करके पूरी आयोजन की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

चोरी का मुकदमा दर्ज

सूरजगढ़, (निसं)। थाना पुलिस ने बताया कि बूंटीराम चौधरी ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया है कि रात को घर के सामने गाडी खडी की थी। भूल से चाबी लगी छोड़ दी। सुबह उठे तो गाडी नहीं मिली। मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगरीय क्षैत्र सुजानगढ़ तहसील सुजानगढ़ (जिला चूरू)

क्रमांक : का.प्रा.अधि.न.क्षे.सु./2022/8646 दि. 3/11/2022

प्रारुप-10

(नियम 6 (7) देखिए)

प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़

सं. दिनांक

लोक सूचना

श्री महेश पारीक पुत्र श्री बनवारी लाल पारीक तहसील सुजानगढ़ जिला चूरू ने इस कार्यालय मे नीचे उल्लिखित भूमि का गैर–कृषिक (एग्रो वेस इन्डस्ट्रीज) प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात :–

क्र.सं.	जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्र
1.	जिला चूरू तहसील सुजानगढ़	राजस्व ग्राम सुजानगढ़ ग्रामीण	2235 / 602, 2244 / 603, 2246 / 611	9995.07 वर्गमीटर

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम,1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारो के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिन के भीतर–भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर–भीतर किसी आक्षेप के अभाव मे यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 03.11.2022 को जारी की गयी।

(कमलेश कुमार मीना)

प्राधिकृत अधिकारी नगरीय क्षैत्र सुजानगढ़

उत्तर पश्चिम रेलवे

कमीशन आधार पर हॉल्ट एजेंट की नियुक्ति हेतु जन सूचना

सं. 91 आर बी /हॉल्ट एजेंट/नोटिस/2022–23 दिनांक 14.11.2022

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक, (वाणिज्य) उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर मण्डल के निम्नलिखित हॉल्ट स्टेशन के संचालन हेतु पाँच वर्ष की अवधि के लिए हॉल्ट स्टेशन क्षेत्र के स्थानीय निवासियों से, जो उस जिले के निवासी हो, जिसमे हॉल्ट स्टेशन स्थित है, तथा जो कमीशन आधार पर हॉल्ट एजेंट के रूप में कार्य करने के इच्छुक हो, से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

क्रम सं.	हॉल्ट स्टेशन का नाम
1	उदासर
2	खिलेरियां
3	बिग्गा बास रामसरा
4	श्रीमकड़ीनाथ नगर
5	गहरी भागी

आवेदक की आयु कम से कम 18 वर्ष दिनांक 13.12.2022 तक तथा दसवी पास हो। आवेदन पत्र मण्डल रेल प्रबन्धक, (वाणिज्य) उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर मण्डल कार्यालय में दिनांक 13.12.2022 को 17 बजे तक पहुँच जाने चाहिए । दिनांक 13.12.2022 (13 दिसम्बर– 2022) के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। प्रार्थी आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाण पत्र संलग्न करेंगे (स्वयं द्वारा सत्यापित) (1) दसवी पास शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र । (2) आयु का प्रमाण पत्र (18 वर्ष से अधिक) (3) सरकारी अस्पताल के द्वारा जारी किया गया स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जिसमे स्पष्ट हो कि उनमे कार्य करने की क्षमता है तथा वे किसी बीमारी से पीड़ित नहीं है। (4) पुलिस सत्यापन प्रमाण पत्र । (5) स्थानीय निवासी का जिला मजिस्ट्रेट/अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट से जारी मूल निवास प्रमाण पत्र /मतदान प्रमाण पत्र। आवेदन के संबंध में विस्तृत जानकारी **www.nwr.indianrailway.gov.in** वैबसाईट से अथवा वाणिज्य शाखा, मण्डल कार्यालय, बीकानेर में किसी भी कार्य दिवस को प्राप्त की जा सकती है। 942-CQ/22

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

बाजार पर किसानों के स्वयं के नियंत्रण से खेती की दशा सुधरेगी: सुचित्रा आर्य

- राज्य कृषि उद्योग विकास बोर्ड द्वारा प्रगतिशील किसान, कृषि एन्टर प्रिन्योर्स कृषि व्यवसायी व निर्यातकों का खण्ड स्तरीय संवाद कार्यक्रम आयोजित

संवाद कार्यक्रम को कृषि उद्योग विकास बोर्ड उपाध्यक्ष सुचित्रा आर्य ने संबोधित किया।

सीकर। राज्य कृषि उद्योग विकास बोर्ड द्वारा प्रगतिशील किसान, कृषि एन्टर प्रिन्योर्स कृषि व्यवसायी व निर्यातकों का खण्ड स्तरीय संवाद कार्यक्रम सीकर में कृषि उद्योग विकास बोर्ड अध्यक्ष रामेश्वर डूडी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इस दोरान डूडी ने कहा बोर्ड किसानों को उद्यमी बनाने का प्रयास करेगा राज्य में उत्पादित कृषि जींस जीरा धनिया लहसुन, ईसबगोल और खजूर आदि के प्रसंस्करण के साथ निर्यात को बढ़ावा दिया जाएगा। कार्यक्रम में कृषि उद्योग विकास बोर्ड उपाध्यक्ष सुचित्रा आर्य ने संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार का केन्द्र बिन्दु सदैव गांव और किसान रहा है, पूंजीवादी दौर में किसान खेती के अस्तित्व बचाने के लिए संघर्ष कर रहा है, बाजार पर किसानों के स्वयं के नियन्त्रण से खेती की दशा सुधर सकती है।

2019 की कृषि निति सरकार का नवाचार है जो हमारे नेता राहुल गांधी का विजन है, इस बोर्ड का गठन उन्हीं के निर्देशों से ही हुआ है जिसके तहत फूड प्रसंस्करण इकाईयों को बढावा देना ताकि खेत से उत्पाद निकलने के बाद किसानों की अतिरिक्त आमदनी में इजाफा हो तथा रोज़गार का भी सर्जन हो, बोर्ड का उद्देश्य किसान सशक्त और आत्मनिर्भर हो कृषि आधारित प्रोसेस प्लांट वेयर हाउस की स्थापना और कृषि नवाचारों को बनाने की जरूरत है एग्रो बोर्ड के द्वारा कृषि नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से प्रदेशभर में संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, इस दौरान सीकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं बिसूका जिला उपाध्यक्ष सुनीता गठाला ने भी अपने विचार रखे।

Chola Enter a better life

चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेंस कम्पनी लिमिटेड

कॉरपोरेट कार्यालय : नं. 2, डेयर हाउस, प्रथम तल, एन.एस.बी. बोस रोड़, चेन्नई- 600001

शाखा कार्यालय सीकर : शॉप नं.-3, प्रथम तल, हीरा मार्केट, बस डिपो के पास, सीकर-332001

आधिपत्य-नोटिस नियम 8 (1) के अन्तर्गत

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने **मैसर्स चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फाईनेंस कम्पनी लिमिटेड** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वितीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 यहां इसे आगे अधिनियम कहा गया की धारा 13(12) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 का सपठित नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में निम्न वर्णित कॉलम (बी) में ऋणग्रहिताओ को, कॉलम (सी) में वर्णित दिनांक को, कॉलम (डी) में वर्णित देय राशि मय ब्याज के नोटिस प्राप्ति के सूचना-पत्र में उल्लेखित राशि को 60 दिनों के भीतर उक्त सूचना-पत्र की प्राप्ति दिनांक से लौटाने के लिये निर्गमित किया। ऋणग्रहिताओ द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर, ऋणग्रहिताओ को विशेषतः और जनसामान्य को सामान्यतः एतद् द्वारा सूचना-पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने अधिनियम की धारा 13(4) के साथ पठित नियम 9 के तहत् शक्तियों के अनुप्रयोग में कम्पनी के पास बंधक नीचे वर्णित तालिका के कॉलम (ई) में दर्शित सम्पतियो का कॉलम (एफ) में दर्शित दिनांक को आधिपत्य ग्रहण कर लिया है। ऋणग्रहिताओ को विशिष्टया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा नीचे वर्णित तालिका के कॉलम (ई) में दर्शित सम्पतियो के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पतियो के साथ कोई व्यवहार तालिका के कॉलम (डी) में दर्शित राशि तथा उस पर ब्याज व खर्चों के पूर्ण भुगतान तक के लिये **मैसर्स चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फाईनेंस कम्पनी लिमिटेड** के प्रभार के अध्यधीन होगा। प्रतिभूतिकरण अधिनियम की धारा 13(8) के तहत् ऋणी अपनी प्रतिभूत आस्तियों की बिक्री की अधिसूचना से पूर्व समस्त बकाया राशि, लागत भार व खर्चों सहित जमा करवा कर मोचन करवा सकते हैं।

क्र. सं.	ऋणी का नाम व पता तथा ऋण खाता संख्या	मांग सूचना पत्र की दिनांक	बकाया राशि	कब्जे में ली गई सम्पति का विवरण	सांकेतिक कब्जे की दिनांक
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)
1.	ऋण खाता संख्या X0HEIKA00003248754, X0HEIKA00004173897 और HE02IKA00000004193, 1. श्री सांवर मल नायक, 2. श्रीमती रेशम देवी, 3. श्री सीता राम नायक, 4. श्रीमती द्रोपती देवी, सभी निवासी:- प्लॉट नंबर 32, वार्ड नंबर 39, समर्थपुरा, पिपराली रोड, सीकर, राजस्थान -332001, 5. मैसर्स सांवर मल नायक (जरिए प्रोपराइटर श्री सांवर मल नायक), पता:- वार्ड संख्या 39, नायक मोहल्ला, कोर्ट रोड के पीछे, सीकर, राजस्थान-332001, 6. मैसर्स जय भवानी बिल्डर्स (जरिए प्रोपराइटर श्री सीता राम नायक), पता:- प्लॉट नंबर 32, वार्ड नंबर 39, समर्थपुरा, पिपराली रोड, सीकर, राजस्थान -332001, 7. श्री मुकेश कुमार नायक निवासी:- विकास कॉलोनी, समर्थपुरा, पिपराली रोड, सीकर, राजस्थान-332001, 8. श्रीमती परमेश्वरी देवी निवासी:- समर्थपुरा, पिपराली रोड, सीकर, राजस्थान-332001, 9. श्री कमल कुमार निवासी:- वार्ड नंबर 41, विकास कॉलोनी, दुर्गा निवास, सीकर, राजस्थान-332001, 10. श्रीमती संगीता देवी निवासी:- 50 विकास कॉलोनी, सीकर, वार्ड नं 39, सीकर, राजस्थान-332001 एन.पी.ए. दिनांक 05.08.2022	18-08-2022	रु. 56,22,965.86/- दिनांक 18.08.2022 तक व आगे का ब्याज सहित	संपत्ति:- प्लॉट नंबर 32, वार्ड नंबर 30, समर्थपुरा पीपराली रोड, सीकर, राजस्थान। जिसका क्षेत्रफल 233.33 वर्ग गज। संपत्ति की चतु सीमाएं:- पूर्व:- बाबू लाल शर्मा का घर, पश्चिम:- प्लाट नं. 33, श्री शर्मा जी का उत्तर:- रोड, दक्षिण:- कुशलानी जी का घर और रोड	14.11.2022

दिनांक : 14.11.2022 स्थान : सीकर प्राधिकृत अधिकारी, चोलामण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेंस कम्पनी लिमिटेड